# यूपी में कोरिया से आएगा निवेश

- संभावनाएं तलाश रहे बड़े औद्योगिक समूह
- नए इकोनॉमिक फोरम का गठन होगा

लखनऊ, विशेष संवाददाता। दक्षिण कोरिया के हेरॉल्ड मीडिया ग्रुप तथा देवू कंपनी के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को लखनऊ में यूपी सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात कर निवेश में रुचि दिखाई।

उत्तर प्रदेश के अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज सिंह से इस संबंध में एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने राज्य की आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के लिए यहां की विशाल बाजार क्षमता और कुशल जनशक्ति का लाभ उठाने में रुचि जताई। दोनों पक्षों ने उत्तर प्रदेश में प्रौद्योगिकी, मीडिया, रियल एस्टेट, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा तथा संधारणीय विकास परियोजनाओं सहित अन्य संभावित क्षेत्रों पर चर्चा की।

कोरियाई प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश में बिजनेस वेंचर्स के नए अवसरों को तलाशने के उद्देश्य से भारत और कोरियन इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन के मध्य भारत-कोरिया इकोनामिक फोरम की स्थापना करने की इच्छा व्यक्त की। कोरियन इंटरनेशनल ट्रेड एसोसिएशन के पास 400 कोरियाई कंपनियों का नेटवर्क उपलब्ध है। हेराल्ड मीडिया ग्रुप, 1953 में स्थापित एक प्रसिद्ध दक्षिण कोरियाई समूह है जो मीडिया, शिक्षा और जीवन शैली जैसे क्षेत्रों में अग्रणी रहा है।

## साझेदारी और निवेश के लिए किया आमंत्रित

मनोज कुमार सिंह ने हे राज्य के मजबूत बुनियादी ढांचे, कुशल कार्यबल और निवेशक-अनुकूल नीतियों पर प्रकाश डाला और कोरियाई कंपनियों को विभिन्न क्षेत्रों में साझेदारी और निवेश के लिए आमंत्रित किया। इन्वेस्ट यूपी के सीईओ अभिषेक प्रकाश ने प्रतिनिधिमंडल के समक्ष निवेश और व्यापार सहयोग की सुविधा के लिए राज्य सरकार के समर्थन को दोहराया।